श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

क्रमांक: एफ-3/116/एलबीएस/शै०/2024-25/ 2672 दिनांक: 06/09/2024

स्मरण पत्र

कार्यालयीय सूचना

विषय: शैक्षणिक सत्र २०२४-२५ के लिए समय-सारणी तैयार करने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पाठ्यक्रमों के सुचारु संचालन एवं समस्त कक्षाओं की समय-सारणी तैयार करने हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 11.07.2024 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिये समय सारणी निर्धारित की जा चुकी है। समिति द्वारा निर्धारित समय सारणी तथा लिये गये निर्णयों के अनुपालन में सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित **विषयों/पाठ्यक्रमों की समय सारणी तैयार कर तीन कार्य दिवस के भीतर** अग्रिम कार्यवाही हेतु शैक्षणिक विभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें, ताकि सम्बन्धित समय सारणी छात्रों के सूचनार्थ विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित की जा सके। सभी विभागाध्यक्ष समय सारणी तैयार करते समय समय-सारणी में **सम्बन्धित अध्यापक का नाम, कक्षा, प्रश्न पत्र संख्या, मोबाईल नम्बर तथा कक्ष संख्या** का स्पष्ट रूप से उल्लेख करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ हेतु प्रस्तुत।

1. समस्त पीठ प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. पीठ प्रमुख (शैक्षणिक)
3. परीक्षा नियंत्रक
4. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
5. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. सम्बन्धित पंजिका
7. कार्यालय आदेश पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)